दिनांक 15 अप्रैल 2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

अत्यावश्यक सेवा में लगे हुए वाहनों को भी किया जा रहा है सेनीटाइज , शव वाहन के जाने के पूर्व एवं आने के पश्चात निरंतर किया जा रहा है सेनीटाइज

भिलाईनगर। निगम क्षेत्र में अत्यावश्यक सेवा में लगे हुए वाहनों को भी सैनिटाइज करने का कार्य किया जा रहा है! लॉक डाउन के दौरान विभिन्न व्यवस्थाओं के तहत निगम भिलाई की वाहने अलग-अलग कार्यों के लिए उपयोग में लाई जा रही है , स्वच्छता के कार्यों में भी वाहन लगे हुए हैं इसके साथ ही निगम के वाहन विभाग तथा जोन क्षेत्र से शव वाहन , डंपर, ट्रैक्टर, एप्पे, वाटर टैंकर एवं अन्य वाहन संचालित होती है! यह वाहन सतत रूप से आवश्यक सेवाओं के कार्यों में लगी होती है! शव वाहन के जाने के पूर्व एवं उसके आने के पश्चात निरंतर सोडियम हाइपोक्लोराइट से सैनिटाइज करने का कार्य किया जा रहा है! भिलाई निगम क्षेत्र में निगम प्रशासन लगातार सघन रूप से सफाई कार्य में जुटी हुई है। स्वच्छता पर्यवेक्षक व जोन के स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिदिन दोनो पालियों की सफाई कार्य की मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं। प्रतिदिन सुबह कचरों के उठाव होने के साथ ही एवं नालियों की सफाई पश्चात ब्लीचिंग एवं चूना पाउडर का छिड़काव किया जा रहा है। निगम द्वारा संचालित हाथ धुलाई केन्द्रों में लोगों हाथ धोने के तरीके बताए जा रहे है। इसके अलावा जनजागरूकता हेतु स्वस्थ रहने के उपाय बताते हुए पंपलेट चस्पा एवं वितरण किया जा रहा है!

जनसम्पर्क अधिकारी